1. निम्न में से कौन भारत में बीमा उद्योग का नियामक है?
   - क. इंश्योरेंस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया
   - **ख. बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण**
   - ग. भारतीय जीवन बीमा निगम
   - घ. भारतीय सामान्य बीमा निगम
2. निम्न में से किसका तात्पर्य द्वितीयक प्रकार के जोखिम से है?
   - क. व्यापार व्यवधान की लागत
   - ख. सम्पत्ति नुकसान की लागत
   - **ग. भविष्य में सम्भावित हानि के प्रबन्धन हेतु सुरक्षित फण्ड का निर्माण**
   - घ. हृदयाघात होने की दशा में अस्पताल में हुआ खर्च
3. निम्न में से कौन जोखिम हस्तांतरण की विधि है?
   - क. बैंक संचयी जमा
   - **ख. बीमा**
   - ग. शेयर
   - घ. भू–सम्पत्ति में निवेश
4. निम्न में से कौन सा परिदृश्य बीमा की आवश्यकता को दर्शाता है?
   - **क. परिवार के आय अर्जक की असमय मृत्यु**
   - ख. कोई व्यक्ति अपना पर्स खो देता है।
   - ग. शेयर की कीमत अप्रत्याशित रूप से गिर रहा है।
   - घ. समय के गुज़रने के साथ गृह सम्पत्ति का मूल्य गिर रहा है।
5. निम्न में से कौन सी योजना किसी बीमाकर्ता द्वारा चलाई जा रही है परन्तु वह सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं है–
   - क. कर्मचारी राज्य बीमा निगम
   - ख. फसल बीमा योजना
   - **ग. जन आरोग्य**
   - घ. उपरोक्त सभी
6. जोखिम पूलिंग के माध्यम से जोखिम हस्तांतरण निम्न में से क्या कहलाता है?
   - क. बचत
   - ख. निवेश
   - **ग. बीमा**
   - घ. जोखिम घटाना
7. जोखिम होने की सम्भावना को कम करने के उपाय कहलाते हैं–
   - क. जोखिम प्रतिधारण
   - **ख. हानि प्रतिरोधन**
   - ग. जोखिम हस्तांतरण
   - घ. जोखिम टालना
8. बीमाकर्ता को जोखिम हस्तांतरण के माध्यम से निम्न से क्या सम्भव हो पाता है?
   - क. सम्पत्ति के प्रति लापरवाह होना
   - ख. हानि होने पर बीमा के माध्यम से धन कमाना
   - ग. सम्पत्ति पर होने वाले जोखिम की उपेक्षा
   - **घ. भविष्य के जोखिम के प्रति निश्चिंतता व अपने व्यवसाय की और प्रभावी ढंग से चलाना**
9. वर्तमान बीमा का उद्गम माना जाता है–
   - क. बटमारी
   - **ख. लॉयड**
   - ग. रोड्स
   - घ. मल्होत्रा समिति
10. बीमा के सन्दर्भ में जोखिम प्रतिधारण से अभिप्राय है कि–
    - क. हानि या नुकसान की सम्भवना नहीं है
    - ख. हानि का मूल्य नगण्य है।
    - ग. सम्पत्ति बीमा द्वारा आरक्षित है।
    - **घ. व्यक्ति जोखिम व इसके प्रभावों को स्वयं वहन करता है।**
11. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
    - क. बीमा से सम्पत्ति सुरक्षित होती है।
    - ख. बीमा हानि को रोकता है।
    - ग. बीमा नुकसान का सम्भावना को कम करता है।
    - **घ. बीमा सम्पत्ति के नुकसान की भरपाई करता है।**
12. 400 घरों के समूह में जिसमें प्रत्येक का मूल्य रू 20,000/– है, औसतन 4 घर प्रतिवर्ष अग्नि के कारण जलते हैं जिससे कुल हानि रू 80,000/– की हानि होती है। इस हानि की क्षतिपूर्ति के लिए प्रत्येक घर के मालिक को वार्षिक रूप से कितना अंशदान करना होगा?
    - क. रू 100/–
    - **ख. रू 200/–**
    - ग. रू 80/–
    - घ. रू 400/–
13. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
    - **क. बीमा कुछ लोगों की हानि को बहुत से लोगों द्वारा आपस में बांटने की विधि है।**
    - ख. बीमा एक व्यक्ति के जोखिम को अन्य व्यक्ति के पास अन्तरित करने की विधि है।
    - ग. बीमा बहुत लोगों की हानि को कुछ लोगों द्वारा आपस में बांटने की विधि है।
    - घ. बीमा कुछ व्यक्तियों के लाभ को कई व्यक्तियों में अन्तरित करने की विधि है।
14. बीमाकर्ता सम्पत्ति का बीमा करने से पूर्व उसका सर्वेक्षण एवं निरीक्षण क्यों करते है?
    - **क. मूल्यांकन के प्रयोजन हेतु जोखिम आकलन के लिए**
    - ख. यह जानने के लिए कि बीमाकृत ने आस्ति की खरीदी कैसे की है
    - ग. यह जानने के लिए कि क्या अन्य बीमाकर्ताओं ने भी आस्ति का निरीक्षण किया है
    - घ. यह जानने के लिए कि क्या पड़ोस की आस्ति को भी बीमाकृत किया जा सकता है।
15. निम्न में से कौन सा विकल्प बीमा प्रक्रिया को सबसे अच्छी तरह से बताता है?
    - क. अधिकांश लोगों की हानि का कुछ लोगों द्वारा वहन
    - **ख. कुछ लोगों को हुए नुकसान का बहुसंख्य द्वारा वहन**
    - ग. कुछ लोगों की हानि का वहन
    - घ. सब्सिडी (आर्थिक मदद) के माध्यम से हानि साझा करना
16. निवेश का विविधीकरण वित्तीय बाज़ार में निवेश के जोखिम को कैसे कम करता है?
    - क. अनेक स्रोतों से प्राप्त धन को एक ही विकल्प में निवेश करना
    - **ख. धन का विविध सम्पत्तियों में निवेश कर जोखिम को कम करना**
    - ग. निवेश करते समय अन्तराल बनाकर रखना
    - घ. सुरक्षित विकल्पों में निवेश करना
17. निम्न में से कौन बीमा व्यवसाय का तत्व नहीं है?
    - क. सम्पत्ति
    - ख. जोखिम
    - ग. पूलिंग का सिद्धान्त
    - **घ. आर्थिक मदद (सब्सिडी)**
18. मानव जीवन मूल्य की विचारधारा किसने तैयार की थी?
    - क. मार्टिन लूथर किंग
    - ख. वारेन बफेट
    - **ग. प्रोफेसर ह्यूबनर**
    - घ. जॉर्ज सारस
19. निम्न में से किस योजना में शून्य अथवा न्यूनतम बचत तत्व होता है?
    - **क. अवधि बीमा**
    - ख. बन्दोबस्ती बीमा
    - ग. आजीवन बीमा
    - घ. धनवापसी योजना
20. निम्न में से किसे एक सम्पत्ति नहीं माना जाता है?
    - क. कार
    - ख. मानव जीवन
    - **ग. वायु**
    - घ. मकान
21. निम्न में से किसे जोखिम के अन्तर्गत वर्गीकृत नहीं किया जाता है?
    - क. कम आयु में मृत्यु
    - ख. शीघ्र मृत्यु
    - **ग. प्राकृतिक आपदायें**
    - घ. अपंगता
22. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

नारायण लाल, विकास अधिकारी 9415752606

क. बैंक लोन
**ख. शेयर**
ग. अवधि बीमा पालिसी
घ. बैंक बचत खाता

44. बचत को निम्न में से कौन से दो निर्णयों का मिश्रण माना जाता है?
क. जोखिम प्रतिधारण व व्यय में कमी
ख. उपहार व संचय
ग. व्यय व संचय
**घ. व्यय को टालना व तरलता से अलग रहना**

45. निम्न में से कौन सी अवस्था में भूतकाल की बचत का सर्वाधिक उपयोग होता है?
**क. सेवानिवृत्ति के पश्चात्**
ख. धनार्जन की आयु में
ग. शिक्षा की आयु में
घ. विवाहोपरान्त

46. निवेश की कालावधि व उस पर प्रतिफल में क्या सम्बन्ध होता है?
क. दोनों में कोई सम्बन्ध नहीं होता
**ख. निवेश की कालावधि अधिक होने पर प्रतिफल बढ़ता जाता है।**
ग. निवेश की कालावधि बढ़ने पर प्रतिफल कम होता जाता है।
घ. निवेश की कालावधि अधिक होने पर प्रतिफल पर कर अधिक देना होता है।

47. निम्न में से कौन से उत्पाद को ट्रांजेक्शनल उत्पाद माना जाता है?
**क. बैंक जमा**
ख. जीवन बीमा
ग. शेयर
घ. बाण्ड

48. निम्न में से कौन से माध्यम को आपातकालीन उत्पाद के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?
क. बैंक जमा
**ख. जीवन बीमा**
ग. शेयर
घ. बाण्ड

49. निम्न में से कौन से उत्पाद को समृद्ध संचय उत्पाद कहा जाता है?
क. बैंक जमा
ख. जीवन बीमा
ग. सामान्य बीमा
**घ. शेयर**

50. किसी भी अर्थव्यवस्था में एक समयांतर में वस्तुओं के सेवा के मूल्य में वृद्धि को क्या कहा जाता है?
क. मुद्रा ह्रास (डिफ्लेशन)
ख. **मुद्रा स्फीति (इन्फ्लेशन)**
ग. मुद्रा स्थिरता (स्टैगफ्लेशन)
घ. अति मुद्रा स्फीति (हाईपर इंफ्लेशन)

51. निम्न में से कौन सा उत्पाद अस्पर्शनीय है?
क. कार
ख. मकान
ग. **जीवन बीमा**
घ. साबुन

52. किसी आजीवन बीमा में देय प्रीमियम एक अवधि बीमा योजना में देय प्रीमियम की तुलना में ...............................होता है–
**क. अधिक**
ख. कम
ग. बराबर
घ. काफी अधिक

53. .........................जीवन बीमा में व्यक्ति की मृत्यु होने की दशा में उसके बन्धक(क़र्ज़) की प्रतिपूर्ति हो जाती है–
**क. अवधि/मीयादी**
ख. बन्धक
ग. आजीवन
घ. बन्दोबस्ती

54. जीवन बीमा में दिया गया प्रीमियम जितना.....................होता है व्यक्ति की मृत्यु होने की दशा में उसके दावेदारों की देय बीमा राशि उतनी ही......................होती है।
**क. अधिक,अधिक**
ख. कम, अधिक
ग. अधिक,कम
घ. तीव्र, धीमी

55. अवधि /मीयादी बीमा के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा विकल्प सही है?
क. अवधि बीमा में जीवन पर्यन्त नवीनीकरण का विकल्प रहता है।
ख. सभी अवधि बीमा योजनाओं में अपंगता हितलाभ संलग्न रहता है।
**ग. अवधि बीमा को एक अकेली पालिसी के रूप में अथवा किसी बीमा योजना में सम्पूरक/आरेहक के रूप में भी लिया जा सकता है।**
घ. अवधि बीमा पालिसी को आजीवन बीमा में परिवर्तित करने जैसी कोई सुविधा नहीं दी जाती है।

56. घटती हुई अवधि/मीयादी बीमा पालिसी में प्रीमियम समय के साथ........................जाते हैं।
क. बढ़ते
ख. घटते
**ग. एक समान**
घ. वापस कर दिये जाते हैं।

57. अवधि/मीयादी बीमा योजना को परिवर्तन करवा कर एक...............बीमा में बदला जा सकता है।
**क. आजीवन बीमा**
ख. बंधक विमोचन
ग. बैंक संचयी जमा
घ. घटती हुई अवधि बीमा पालिसी

58. निम्न में से कौन जीवन बीमा पॉलिसी खरीदने का प्राथमिक उद्देश्य है?
क. कर बचत
ख. सुरक्षित निवेश
**ग. किसी व्यक्ति की धनार्जन क्षमता खोने पर उसके विरूद्ध सुरक्षा**
घ. धन संचय

59. निम्न में से किसे एक अवधि बीमा योजना की सलाह देना सबसे अच्छा माना जाता है?
क. उस व्यक्ति को जिसे पूर्णावधि लाभ चाहिए
ख. उस व्यक्ति को जिसके पास पर्याप्त धन है व उसे बीमा सुरक्षा चाहिए।
**ग. उस व्यक्ति को जिसकी आय कम है परन्तु उसे बीमा सुरक्षा चाहिए।**
घ. उस व्यक्ति को जोकि अधिक लाभ की आशा में जीवन बीमा में निवेश करना चाहता है।

60. घटती हुई अवधि बीमा योजना के सन्दर्भ में कौन सा कथन सत्य है?
क. अवधि के साथ मृत्यु लाभ में कमी आती है।
**ख. अवधि के साथ प्रीमियम कम होता जाता है।**
ग. पूरी अवधि में प्रीमियम एक समान रहता है।
घ. बन्धक वमोचन बीमा एक घटती हुई अवधि बीमा योजना का उदाहरण है।

61. बन्दोबस्ती बीमा के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
क. इसमें केवल मृत्यु लाभ होता है।
ख. इसमें केवल उत्तरजीविता हितलाभ होता है।
**ग. इसमें मृत्यु व उत्तरजीविता लाभ दोनों होते हैं।**
घ. यह अवधि बीमा योजना के समान होती है।

62. निम्न में से कौन बन्दोबस्ती बीमा का एक उदाहरण है?
क. बन्धक विमोचन बीमा
ख. क्रेडिट लाइफ इंश्योरेंस
**ग. धनवापसी योजना**
घ. आजीवन बीमा

63. निम्न में स कौन सी बीमा योजना गैर परम्परागत जीवन बीमा योजना है?
क. अवधि बीमा योजना
**ख. यूनिवर्सल बीमा योजना**
ग. बन्दोबस्ती बीमा योजना
घ. आजीवन बीमा योजना

64. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
क. वैरियेबल जीवन बीमा एक स्थायी जीवन बीमा पालिसी है।
**ख. वैरियेबल जीवन बीमा एक अस्थायी जीवन बीमा पॉलिसी है।**

नारायण लाल, विकास अधिकारी 9415752606

क. मर्त्यता
**ख. बीमारी**
ग. अनन्तता
घ. सरेंडिपिटी

85. आई आर डी ए से तात्पर्य है
क. इंटरनेशनल रेगुलेटरी एण्ड डेवलपमेण्ट अथॉरिटी
ख. इंडियन रेगुलेटरी एण्ड डेवलपमेण्ट अथॉरिटी
**ग. इंश्योरेंस रेगुलेटरी एण्ड डवलपमेण्ट अथॉरिटी**
घ. इनकम रेगुलेटरी एण्ड डेवलपमेण्ट अथॉरिटी

86. टी पीए से तात्पर्य है(स्वास्थ्य बीमा में)
क. दि प्राइमरी एशोसिएट
ख. टू प्रोवाइड असिस्टेंस
**ग. थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर**
घ. थर्ड पार्टी असिस्टेंस

87. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ग समूह स्वास्थ्य बीमा के लि योग्य नहीं है?
क. किसी कम्पनी के कर्मचारी
ख. किसी संगठन के क्रेडिट कार्ड धारक
ग. व्यावसायिक संघ सदस्य
**घ. गैर संगठित समूह जोकि स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के लिए ही एकत्र हुए हैं।**

88. पारिवारिक चल स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में निम्न में से कौन आरक्षित नहीं किया जा सकता है?
क. बच्चे
ख. जीवन–साथी
ग. सास–ससुर
**घ. मामा**

89. स्वास्थ्य बीमा में प्रीमियम भुगतान हेतु अनुग्रह अवधि नवीनतम निर्देशों के अनुसार कितनी है?
क. 15 दिन
**ख. 30 दिन**
ग. 45 दिन
घ. 60 दिन

90. निम्न परिदृश्य में बीमा का कौन सा स्वरूप परिलक्षित होता है?
व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी लेता है, बीमार होने की अवस्था में खर्च स्वयं वहन करता है व बाद में उन्हें बीमा कम्पनी से प्राप्त करता है।
क. सेवा लाभ
ख. प्रत्यक्ष सम्पर्क
**ग. क्षतिपूर्ति**
घ. हादसा

91. स्वास्थ्य बीमा कम्पनियों के लिए नैतिक जोखिम का परिणाम ............हो सकता है
क. सामुदायिक मापन
**ख. विपरीत चयन**
ग. स्वास्थ्य बीमा के दुष्परिणाम
घ. जोखिम पूलिंग

92. प्राथमिक देखभाल से तात्पर्य है..........
क. न्यूनतम सुविधाओं के साथ मरीज़ की देखभाल
ख. अस्पताल में उपलब्ध देखभाल
**ग. स्वास्थ्य सम्बन्धी उपचार प्राप्ति प्रथम बिन्दु**
घ. चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराया गया उपचार

93. किसी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाकर उसका होने पर उसे कहते हैं.................
**क. अंतः रोगी (In Patient)**
ख. वाह्य रोगी (Out Patient)
ग. दिवस रोगी (Day-Patient)
घ. गृह–रोगी (House-Patient)

94. ....................से तात्पर्य है कि अस्पताल में भर्ती करवाकर उसका उपचार होने पर उसे कहते हैं।
क. दिवस उपचार
ख. संजाल सेवादाता
**ग. तृतीय पक्ष प्रशासक (Third Party Administrator)**
घ. घरेलू चिकित्सा

95. बन्धक विमोचन बीमा पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य क्या है?
क. सस्ती बन्धक दरें लागू करना
**ख. गृह ऋण लेने वालों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना**
ग. बन्धक सम्पत्ति का मूल्य संरक्षण
घ. ऋण पुनर्भुगतान में चूक हाने पर सम्पत्ति छोड़ने पर रोक

96. की–मैन(महत्वपूर्ण व्यक्ति के बीमा) में बीमाधन मुख्यतया किस तत्व से जुड़ा होता है?
क. महत्वपूर्ण व्यक्ति(की–मैन)की आय
**ख. व्यवसाय की लाभप्रदता**
ग. व्यावसायिक इतिहास
घ. मुद्रास्फीति सूचकांक

97. बन्धक विमोचन बीमा किस श्रेणी में आता है?
क. बढ़ती हुई अवधि जीवन बीमा
**ख. घटता हुआ अवधि जीवन बीमा**
ग. वैरियेबल जीवन बीमा
घ. यूनिवर्सल जीवन बीमा

98. की–मैन में मुख्यतया कौन सा जोखिम कवर किया जाता है?
क. सम्पत्ति की चोरी
**ख. कीमैन के कार्य करने में अयोग्य होने पर आय के नुकसान की भरपाई**
ग. सामान्य उत्तरदायित्व
घ. त्रुटियों की वजह से हुए नुकसान की भरपाई

99. एक पॉलिसी विवाहित स्त्री सम्पदा अधिनियम के अन्तर्गत जारी की गई है, बीमाधारक ने इसे लागू करने के लिए न्यास की स्थापना नहीं की है,इसलिए पालिसी के तहत दावा.......को देय हो जायेगा
क. नज़दीकी रिश्तेदार
**ख. सरकार द्वारा नियुक्त आधिकारिक ट्रस्टी**
ग. बीमाकर्ता
घ. बीमित

100. महेश कर्ज ली गई पूंजी से व्यवसाय चलाता है,उसकी असमय मृत्यु होने पर लेनदार उसकी सम्पत्ति से ऋण वसूली का प्रयास करते है, निम्न में से कौन सी सम्पत्ति उनकी पहुंच से बाहर है?
क. महेश के नाम पर सम्पत्ति
ख. महेश का बैंक खाता
**ग. विवाहित स्त्री सम्पत्ति अधिनियम के अन्तर्गत ली गई महेश के जीवन पर अवधि बीमा पॉलिसी**
घ. म्यूचुअल फण्ड में महेश का निवेश

101. विवाहित स्त्री सम्पदा अधिनियम के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
कथन 1 : परिपक्वता लाभ बीमाधारक को भुगतान किया जाता है।
कथन 2 : परिपक्वता लाभ का भुगतान न्यासी को किया जाता है।
क. कथन 1
**ख. कथन 2**
ग. कथन 1 व 2 दोनों
घ. न तो कथन 1 और न ही कथन 2

102. विवाहित स्त्री सम्पत्ति अधिनियम के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
कथन 1: मृत्यु दावा का भुगतान नामित को किया जाता है।
कथन 2: मृत्यु दावा का भुगतान न्यासी के पक्ष में किया जाता हैं।
क. कथन 1
**ख. कथन 2**
ग. कथन 1 व 2 दोनों
घ. न तो कथन 1 और न ही कथन 2

103. ऐसे ऋणकर्ताओं से ब्याज वसूल करने की प्रथा जो अपनी सम्पत्ति ज़मानत के रूप में गिरवी रखते हैं लेकिन सम्पत्ति का अधिकार उनके पास छोड़ देते है,..........कहलाती है।
क. सुरक्षा
**ख. बन्धक**
ग. सूदखोरी
घ. दृष्टि बन्धक(रेहन)

104. गृह ऋण लेने वाले व्यक्तियों के लिए सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु कौन सा बीमा सर्वाधिक उपयुक्त है?

नारायण लाल, विकास अधिकारी 9415752606

**क. पैन कार्ड**
ख. मतदाता पहचान पत्र
ग. बैंक पासबुक
घ. ड्राइविंग लाईसेंस

126. किसी पॉलिसी मे प्रथम प्रीमियम रसीद जारी होने का क्या महत्व है?
क. मुफ्त लुक इन–अवधि का अन्त
**ख. इस बात का प्रमाण कि बीमा संविदा प्रारम्भ हो गई है।**
ग. अब पॉलिसी को निरस्त नहीं किया जा सकता है।
घ. पॉलिसी में एक निश्चित नकद मूल्य अर्जित हो गया है।

127. निम्न में से कौन सा प्रपत्र बीमा संविदा का साक्ष्य माना जाता है?
क. प्रस्ताव पत्र
**ख. पॉलिसी बाण्ड**
ग. विवरणिका
घ. दावा फॉर्म

128. किसी पालिसीबाण्ड में भाषा की जटिलता के कारण अस्ष्टता की स्थिति उत्पन्न हो गई है, सामान्यतया इसका समाधान किसके पक्ष में होगा?
**क. बीमित के पक्ष में**
ख. बीमाकर्ता के पक्ष में
ग. पालिसी को शून्य घोषित कर बीमा कम्पनी ग्राहक को प्रीमियम ब्याज सहित वापस कर देगी।
घ. पालिसी को शून्य घोषित कर दिया जायेगा और ग्राहक को सभी प्रीमियम बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा।

129. पॉलिसी बाण्ड को निम्न में से किस तरह से सबसे अच्छी तरह से परिभाषित किया जा सकता है?
**क. यह बीमा संविदा का एक साक्ष्य होता है।**
ख. यह ग्रहक की बीमा कम्पनी से पॉलिसी खरीदने में रूचि को दर्शाता है।
ग. यह उन नीतियों का द्योतक है जोकि कोई बीमा कम्पनी अपने व्यावसायिक सहयोगियों पर लागू करती है।
घ. यह प्रथम प्रीमियम जमा हाने के पश्चात बीमा कम्पनी द्वारा दी गई प्राप्ति स्वीकृति को दर्शाता है।

130. निम्न में से कौन सा कथन सही है?
क. प्रस्ताव स्वीकृति इस बात का साक्ष्य है कि बीमा संविदा प्रारम्भ हो गई है।
ख. प्रीमियम प्राप्ति इस बात का साक्ष्य है कि बीमा संविदा प्रारम्भ हो गई है।
**ग. प्रथम प्रीमियम रसीद इस बात का प्रमाण है कि बीमा संविदा प्रारम्भ हो गई है।**
घ. प्रीमियम कोटेशन इस बात का प्रमाण है कि बीमा संविदा प्रारम्भ हो गई है।

131. प्रथम प्रीमियम के बाद वाली किश्तो ंको जमा करने पर जो रसीद प्राप्त होती है उसे क्या कहते हैं?
क. पुनर्चलन प्रीमियम रसीद
ख. पुनः लागू प्रीमियम रसीद
ग. पुनर्स्थापन प्रीमियम रसीद
**घ. नवीनीकरण प्रीमियम रसीद**

132. यदि बीमाधारक अपना मूल पॉलिसी बाण्ड खो देता है तो क्या होगा?
**क. बीमा कम्पनी एक प्रतिलिपि पॉलिसी मूल संविदा में बिना कोई परिवर्तन किये जारी करेगी।**
ख. बीमा संविदा समाप्त हो जायेगी।
ग. बीमा कम्पनी प्रतिलिपि पॉलिसी नवीन शर्तों व नई स्वास्थ्य घोषणाओं के उपरान्त ही जारी करेगी।
घ. बीमा कम्पनी प्रतिलिपि पॉलिसी केवल न्यायालय के आदेश पर ही जारी करेगी।

133. पालिसीबाण्ड के प्रमाणीकरण के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
क. केवल पालिसी बाण्ड पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
**ख. सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर व भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अनुरूप बीमा स्वाम्प दोनों ही आवश्यक हैं।**
ग. उपरोक्त में से कोई नहीं
घ. केवल भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अनुरूप बीमा स्टाम्प आवश्यक है।

134. बीमा पॉलिसी में नियुक्त व्यक्ति की आवश्यकता कब पड़ती है?
क. बीमित के अवयस्क होने पर
**ख. नामित के अवयस्क होने पर**
ग. पॉलिसीधारक सन्तुलित मनोदशा का नहीं है।
घ. पॉलिसीधारक अविवाहित है।

135. नामांकन के सन्दर्भ में निम्न में से क्या असत्य है?
क. बीमा कम्पनी से ऋण लेने पर समनुदेशित की गई पॉलिसी पर नामांकन वैध बना रहता है।
ख. नामांकन पालिसी लेते समय या बाद में भी किया जा सकता है।
ग. नामांकन में परिवर्तन पॉलिसी में पृष्ठांकन मे माध्यम से किया जाता है।
**घ. नामांकित व्यक्ति का दावा राशि पर पूर्ण अधिकार होता है।**

136. गारण्टीकृत समर्पण मूल्य प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कितने वर्ष के प्रीमियम लगातार जमा होने चाहिए?
क. 2
**ख. 3**
ग. 4
घ. 5

137. पॉलिसी लैप्स(कालातीत/व्यपगत) कब हो जाती है?
क. यदि प्रीमियम देय तिथि पर भुगतान न किया गया हो।
ख. यदि प्रीमियम देय तिथि से पूर्व भुगतान किया गया हो।
**ग. यदि प्रीमियम अनुग्रह अवधि के अन्दर जमा न किया गया हो।**
घ. पॉलिसी समर्पित कर दी गई हो।

138. बीमा पॉलिसी के सन्दर्भ में अनुग्रह अवधि से क्या तात्पर्य है?
क. अनुग्रह अवधि एक माह की होती है।
ख. अनुग्रह अवधि 30 दिन की होती है।
ग. अनुग्रह अवधि एक माह या 30 दिन की होती है।
**घ. अनुग्रह अवधि एक माह या 31 दिन की होती है।**

139. यदि अनुग्रह अवधि के दौरान बीमित की मृत्यु हो जाय और प्रीमियम न जमा हो तो दावा राशि का क्या होगा?
क. दावा निरस्त हो जायेगा क्योंकि प्रीमियम जमा न होने की वजह से पॉलिसी शून्य हो गई है।
ख. बीमाकर्ता दावा भुगतान करेगा व अदत्त प्रीमियम माफ कर दिया जायेगा।
**ग. बीमाकर्ता अदत्त प्रीमियम को काटकर शेष दावा राशि का भुगतान करेगा।**
घ. बीमाकर्ता दावा राशि का भुगतान करेगा परन्तु अदत्त प्रीमियम व उस पर ब्याज बैंक दर से 2 प्रतिशत अधिक काट लेगा।

140. कालातीत पॉलिसी के पुनर्चलन के सम्बन्ध में बीमा कम्पनी किस तथ्य की ओर सर्वाधिक ज़ोर देगी?
**क. पुनर्चलन के समय बीमा योग्य होने का प्रमाण**
ख. पुनर्चलन के कारण बढ़ते हुए जोखिम की सम्भावना
ग. अदत्त प्रीमियम का ब्याज सहित भुगतान
घ. बीमित द्वारा पुनर्चलन हेतु आवेदन एक निश्चित समय सीमा के अन्दर किया जाना

141. बीमा पॉलिसी में नामांकन सम्बन्धी प्रावधान बीमा अधिनियम 1938 की धारा.........के अन्तर्गत वर्णित है।
क. 10
ख. 38
**ग. 39**
घ. 45

142. बीमा कम्पनी से ऋण लिए जाने के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
क. पॉलिसी को बीमा कम्पनी के पक्ष में समनुदेशित किया जायेगा।
**ख. बीमा कम्पनी के पक्ष में समनुदेशित होने के कारण नामांकन निरस्त हो जायेगा।**
ग. बीमा कम्पनी के हित की सीमा तक नामित के अधिकार प्रभावित होंगे।
घ. ऋण की सीमा बीमा पॉलिसी के समर्पण मूल्य के आधार पर गणना की जाती है।

143. समनुदेशन के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
क. परम समनुदेशन होने पर व समनुदेशिती की सम्पत्ति का हिस्सा बन जाती हैं।
ख. बीमा पॉलिसी में अपने हक़, हित व अधिकार के स्थानान्तरण की प्रक्रिया को समनुदेशन कहा जाता है।
ग. पॉलिसी समनुदेशन की सूचना बीमा कम्पनी को देना अनिवार्य है।
**घ. परम समनुदेशन की दशा में समनुदेशिती का अधिकार केवल पॉलिसी अवधि तक ही सीमित है, किन्तु बीमाधारक की मृत्यु होने पर पॉलिसी का दावा भुगतान बीमाधारक के लाभार्थियों के पक्ष में किया जाता है।**

नारायण लाल, विकास अधिकारी 9415752606

ग. किसी बीमारी के होने पर गम्भीर बीमारी सम्पूरक का लाभ देय
घ. पॉलिसीधारक द्वारा पॉलिसी के समर्पण के उपरान्त देय राशि

164. धनवापसी योजना में एक निश्चित अवधि पूर्ण होने पर देय राशि निम्न में से कौन से दावे में आती है?
क. मृत्यु दावा
ख. परिपक्वता दावा
**ग. आवधिक उत्तरजीविता लाभ**
घ. समर्पण दावा

165. शंकर ने ने एक यूलिप योजना 10 वर्ष के लिए खरीदी है,पूर्णावधि से पूर्व ही उसकी मृत्यु हो जाने पर निम्न में से कौन सा लाभ देय होगा?
क. बीमाधन या फण्ड वैल्यू ,जो भी कम हो।
**ख. बीमाधन या फण्ड वैल्यू , जो भी ज्यादा हो।**
ग. बैंक बचत खाते पर देय ब्याज दर से 2 प्रतिशत अधिक राशि प्रीमियम के साथ
घ. समर्पण मूल्य

166. शीघ्र व सामान्य मृत्यु दावों के सन्दर्भ में निम्न में से असंगत तथ्य की पहचान करें
क. रम्या की मृत्यु अवधि बीमा लेने के 6 माह बाद हो जाती है।
ख. मनोज की मृत्यु अवधि बीमा लेने के 1.5 वर्ष बाद हो जाती है।
ग. डेविड की मृत्यु अवधि बीमा लेने के 2.5 वर्ष बाद हो जाती है।
**घ. प्रवीण की मृत्यु अवधि बीमा लेने के 5.5 वर्ष बाद हो जाती है।**

167. प्राकृतिक मृत्यु होने पर देय दावे हेतु आवश्यकताएं व दुर्घटना दावा में आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न में से असंगत को अलग करें–
**क. जांच रिपोर्ट**
ख. दावा फार्म
ग. दाह संस्कार का प्रमाण
घ. अस्पताल का प्रमाण

168. आई आर डी ए के दावा भुगतान सम्बन्धी दिशानिर्देशों के अनुसार दावा भुगतान का निर्णय .... ...............दिन के अन्दर दावेदार को कर दिया जायेगा।
क. 7 दिन
ख. 15 दिन
**ग. 30 दिन**
घ. 45 दिन

169. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
क. बीमा विनियमों का मुख्य उद्देश्य बीमा कम्पनी का संरक्षण है।
**ख. बीमा विनियमों का मुख्य उद्देश्य पॉलिसीधारक का हित संरक्षण है।**
ग. बीमा विनियमों का मुख्य उद्देश्य बीमा मध्यस्थ के हितों का संरक्षण है।
घ. बीमा विनियमों का मुख्य उद्देश्य सरकार के हितों का संरक्षण है।

170. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
क. बीमा अभिकर्ता का लाईसेंस खो जाने पर उसकी प्रतिलिपि नहीं मिल सकती है, यह उसे उसके नवीनीकरण के साथ ही मिल पायेगी।
ख. बीमा अभिकर्ता का लाईसेंस खो जाने पर प्राधिकरण प्रतिलिपि लाईसेंस बिना किसी शुल्क के जारी करेगा।
ग. बीमा अभिकर्ता का लाईसेंस खाने पर पहले एफ आई आर करानी होगी इसके बाद 30 दिन इंतज़ार करने के बाद प्राधिकरण प्रतिलिपि लाईसेंस जारी करेगा।
**घ. यदि अभिकर्ता का लाईसेंस खो जाय तो प्राधिकरण निर्धारित शुल्क लेकर प्रतिलिपि लाईसेंस जारी करेगा।**

171. बीमा अभिकर्ता बनने के लिए.......घण्टे को प्रशिक्षण अनिवार्य है।
**क. 50**
ख. 100
ग. 30
घ. 25

172. बीमा अभिकर्ता निम्न में से किसका प्रतिनिधित्व करता है?
**क. बीमाकर्ता**
ख. उप अभिकर्ता
ग. सह अभिकर्ता
घ. दलाल

173. बीमा अभिकर्ता का लाईसेंस कौन जारी करता है?
क. साधारण बीमा निगम
**ख. इरडा**
ग. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
घ. डाकघर

174. बीमा अभिकर्ता का लाईसेंस कब नवीनीकरण कराना होता है?
क. प्रति वर्ष
ख. 5 वर्ष बाद
**ग. 3 वर्ष बाद**
घ. 15 वर्ष बाद

175. बीमा अभिकर्ता को......................................,निम्न में से क्या असत्य है?
क. ग्राहक द्वारा पूछे जाने पर कमीशन दर बतान चाहिए
**ख. कमीशन को ग्राहक को बांटना चाहिए**
ग. मांग पर लाईसेंस दिखाना चाहिए
घ. प्रीमियम दर के बारे में बताना चाहिए

176. अभिकर्ता के लाईसेंस/नवीनीकरण हेतु शुल्क है–
**क. 125**
ख. 250
ग. 520
घ. 100

177. प्राधिकरण प्रतिलिपि लाईसेंस जारी कर सकता है यदि वह–
क. खो जाये
ख. नष्ट हो जाये
ग. फट जाये
**घ. उपरोक्त सभी**

178. आपराधिक अपयोजन का दोषी पाये जाने पर अभिकर्ता का लाईसेंस
**क. रद्द हो जाता है।**
ख. प्रतिलिपि लाईसेंस जारी हो जाता है।
ग. नवीनीकरण करवाया जाता है।
घ. अभिकर्ता से शुल्क प्रतिपूर्ति करायी जाती है।

179. अभिकर्ता बनने हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता
क. ग्रेजुएट
**ख. 10 वीं**
ग. पोस्ट ग्रेजुएट
घ. 8 वीं पास

180. ..........................एक से अधिक बीमा कम्पनी (जीवन बीमा या सामान्य बीमा) या दोनों से कार्य कर सकता है।
क. अभिकर्ता
ख. सर्वेयर
**ग. समग्र अभिकर्ता (कम्पोजिट अभिकर्ता)**
घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

181. निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
क. बीमा अभिकर्ता बीमा कम्पनी का प्रतिनिधि होता है और वह अभिकर्ता प्रधान सम्बन्ध के द्वारा संचालित होता है।
**ख. बीमा अभिकर्ता का प्राथमिक दायित्व ग्राहक के प्रति होता है न कि बीमाकर्ता के प्रति**
ग. बीमा दलाल वास्तव में ग्राहक का प्रतिनिधित्व करता है व उसके साथ किसी एक बीमा कम्पनी के साथ व्यवसाय करने की बाध्यता नहीं जुड़ी रहती है।
घ. बीमा दलाल वास्तव में ग्राहक के हितों की रक्षा करते हुए उसके लिए सर्वोत्तम उत्पाद व सर्वोत्तम बीमा कम्पनी का चुनाव करता है।

182. हावर्ड बिजनेस रिव्यू के अनुसार किसी अच्छे सेल्समैन में निम्न में से कौन सी विशेषताएं होनी चाहिए?
क. आकर्षण की क्षमता व सफलता के प्रति उत्साह
ख. धैर्य व स्वतः क्रियाशील व्यक्ति
**ग. दूसरों के प्रति संवेदनशीलता(परानुभूति) व अहम् की भावना**
घ. उन्नति की भूख व आत्मविश्वास

183. वर्ष के प्रारम्भ में कुल पॉलिसियों में से वर्षान्त तक चालू बनी रहने वाली पॉलिसियों की संख्या कहलाती है?
**क. अक्षुण्णता**
ख. निरन्तरता

नारायण लाल विकास अधिकारी 9415752606

205. निम्न में से क्या स्पर्शनीय(मूर्त) वस्तु नहीं है?
क. मकान
**ख. बीमा**
ग. मोबाईल फोन
घ. जींस

206. .........सेवा गुणवत्ता का उदाहरण नहीं है?
**क. चतुराई**
ख. विश्वसनीयता(परानुभूति)
ग. संवेदनशीलता
घ. ज़िम्मेदारी की भावना

207. ग्राहक सम्बन्ध में प्रथम प्रभाव (फर्स्ट इंप्रेशन) का निर्माण होता है–
क. विश्वास से पूर्ण होना
ख. समय का ध्यान देना
ग. रूचि दिखाना
**घ. उपरोक्त सभी**

208. निम्न में से सही कथन का चुनाव करें–
क. बीमा विक्रय में नैतिक व्यवहार सम्भव नहीं है।
ख. बीमा अभिकर्ता के लिए नैतिक व्यवहार आवश्यक नहीं है।
**ग. नैतिक व्यवहार से अभिकर्ता व बीमाकर्ता के मध्य विश्वास बढ़ता है।**
घ. नैतिक व्यवहार की अपेक्षा केवल उच्च प्रबन्धन से की जाती हैं।

209. सक्रिय श्रवण में शामिल है–
क. श्रोता की ओर पूर्ण ध्यान देना
ख. बीच–बीच सहमति में सिर हिलाना व मुस्कुराना
ग. सलाह देना
**घ. उपरोक्त सभी**

210. ...............से तात्पर्य भरोसे से युक्त सेवा पूर्ण निर्भरता के साथ देने से है।
**क. विश्वसनीयता (परानुभूति)**
ख. ज़िम्मेदारी
ग. आश्वस्ति
घ. संवेदनशीलता

211. ............से सम्बन्ध किसी की योग्यता व प्रभावी संवाद, अपने ग्राहकों व कर्मचारियों, अपने कार्यस्थल या बाहर कहीं भी से लें
क. हार्ड स्किल
**ख. सॉफ्ट स्किल**
ग. संवाद की कला
घ. प्रश्न पूछने की कला

212. निम्न में से कौन सा कथन भरोसा जगाता है?
क. संवाद कौशल, दृढ़ता, उपस्थिति
ख. नम्रता, सहमति, व संवाद कौशल
**ग. आकर्षण, संवाद कौशल व उपस्थिति**
घ. सहमति, दृढ़ता व आकर्षण

213. अच्छे प्रथम प्रभाव में निम्न में से क्या आता है?
क. हमेशा समय पर पहुंचना
ख. अच्छा प्रस्तुतीकरण
ग. खुलापन, विश्वासपूर्ण, सकारात्मक होना
**घ. उपरोक्त सभी**

214. दयापूर्ण दृष्टिकोण व व्यक्तिगत ध्यान निम्न में से कहां परिलक्षित होता है?
क. आश्वस्ति
**ख. संवेदनशीलता (परानुभूति)**
ग. विश्वसनीयता
घ. ज़िम्मेदारी की भावना

215. निम्न में से कौन सी संस्था के पास शिकायत नपटारे हेतु 20 लाख मूल्य की सीमा है व उसका क्षेत्राधिकार निश्चित है?
**क. ज़िला उपभोक्ता फोरम**
ख. राज्य स्तर आयोग
ग. ज़िला परिषद
घ. राष्ट्रीय आयोग

216. आई जी एम एस से क्या तात्पर्य है?
क. इंश्योरेंस ग्रीवेंस मैनेजमेण्ट सिस्टम
ख. इंडियन जनरल मैनेजमेण्ट सिस्टम
**ग. इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस मैनेजमेण्ट सिस्टम**
घ. इंटीलिजेट ग्रीवेंस मैनेजमेण्ट सिस्टम

217. रू 20 लाख से लेकर 1 करोड़ तक के मामले की सुनवाई निम्न में से किस मंच पर होती है?
क. ज़िला फोरम
**ख. राज्य आयोग**
ग. राष्ट्रीय आयोग
घ. ज़िला परिषद

218. ग्राहक की वैध शिकायतों में निम्न में से क्या नहीं आता है?
क. दुकानदार द्वारा एम आर पी (अधिकतम खुदरा मूल्य)
**ख. दुकानदार द्वारा ग्राहक को सर्वोत्तम उत्पाद की सलाह न दिया जाना**
ग. दवाई की बोतल पर एलर्जी की सूचना न छपी होना
घ. खराब उत्पाद

219. बीमा पॉलिसी सम्बन्धी शिकायतों को निम्न में से कौन से संस्थान पर ले जाना सर्वाधिक उपयुक्त होगा?
क. पुलिस
ख. उच्चतम न्यायालय
**ग. बीमा लोकपाल**
घ. जनपद न्यायालय

220. बीमा लोकपाल के क्षेत्रीय अधिकार के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है
क. बीमा लोकपाल का क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर होता है।
ख. बीमा लोकपाल का क्षेत्र राज्य स्तर पर होता है।
ग. बीमा लोकपाल का क्षेत्राधिकार ज़िला स्तर पर निश्चित होता है।
**घ. बीमा लोकपाल विशिष्ट क्षेत्र सीमाओं में कार्य करता है।**

221. बीमा लोकपाल में शिकायत किस माध्यम से दी जा सकती है?
**क. लिखित**
ख. मौखिक अथवा फोन द्वारा
ग. मौखिक आमने सामने
घ. समाचार पत्र में विज्ञापन द्वारा

222. बीमा लोकपाल में शिकायत दर्ज कराने की समय सीमा क्या है?
क. बीमाकर्ता द्वारा शिकायत निरस्त करने के 2 वर्ष के अन्दर
ख. बीमाकर्ता द्वारा शिकायत निरस्त करने के 3 वर्ष के अन्दर
**ग. बीमाकर्ता द्वारा शिकायत निरस्त करने के 1 वर्ष के अन्दर**
घ. बीमाकर्ता द्वारा शिकायत निरस्त किये जाने के 1 माह के अन्दर

223. बीमा लोकपाल के पास शिकायत करने हेतु निम्न में से क्या होना आवश्यक नहीं है?
क. शिकायत किसी व्यक्ति द्वारा निजी जीवन पर बीमा हेतु हो सकती है।
ख. बीमाकर्ता द्वारा शिकायत निरस्त किये जाने के 1 वर्ष के अन्दर शिकायत दर्ज होना चाहिए।
**ग. लोकपाल में शिकायत ले जाने से पहले शिकायत कर्ता का फोरम जाना होगा।**
घ. शिकायत रू 20 लाख मूल्य के दावे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

224. शिकायत कर्ता को बीमा लोकपाल में शिकायत दर्ज कराने हेतु कितना शिकायत शुल्क देना होगा?
क. रू 100
**ख. कोई शुल्क नहीं**
ग. दावा मूल्य (शिकायत) की राशि का 20 प्रतिशत
घ. दावा मूल्य (शिकायत) की राशि का 10 प्रतिशत

225. क्या किसी निजी बीमा कम्पनी के विरूद्ध शिकायत की जा सकती है?
क. शिकायत केवल निजी बीमा कम्पनी के विरूद्ध शिकायत की जा सकती है।
**ख. हां, निजी बीमा कम्पनी के विरूद्ध भी शिकायत की जा सकती है।**
ग. केवल जीवन बीमा व्यवसाय से सम्बन्धित शिकायत ही निजी कम्पनी के विरूद्ध दर्ज की जा सकती है।
घ. केवल सामान्य बीमा सम्बन्धित शिकायत ही निजी कम्पनियों के विरूद्ध की जा सकती है।

**सौजन्य :**

**नारायण लाल** *9415752606*

नारायण लाल, विकास अधिकारी 9415752606